सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कु० गिरिजा व्यास) : (क) सरकार के पास इस संबंध में कोई सूचना नहीं है।

(ख) और (ग) ये सवाल पैदा ही नहीं होते।

कारखाना मालिक द्वारा युनियन के कार्य-कलापों को रोका जाना

3972. **श्री दयानन्द सहाय :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :
श्री दिग्विजय सिंह :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को 24 जनवरी, 1992 को "समाचार मेल" में "एक तो चोरी, ऊपर से सीना जोरी" शीर्षक के अन्तर्गत छपे इस समाचार की जानकारी है जिसके अनुसार कारखाना मालिक ने मजदूरों से चाकू की नोक पर मजदूर यूनियन कार्यकलाप न करने के बारे में अपने परामर्श की सरकार की जानकारी दे दी है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है और क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही की है?

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) : (क) और (ख) दिल्ली प्रशासन के अनुसार, मैसर्स विनायल प्रौडक्टस (प्रा.) लिमिटेड के दो कर्मकारों ने प्रबंधतंत्र द्वारा उनकी सेवाओं की अभिकथित गलत तरीके से बर्खास्तगी के बारे में संराधन अधिकारी के समक्ष औद्योगिक विवाद उठाया है। इस आरोप की पुष्टि नहीं हुई है कि कर्मकारों ने अधिकारी से यह शिकायत की थी कि कारखाना मालिक उन पर यूनियन की गतिविधियों से दूर रहने के लिए दबाव डाल रहे हैं, जैसा कि 24 जनवरी, 1992 के समाचार मेल में प्रकाशित हुआ था।

Tea Garden Workers of Public undertakings

3973. SHRI RATNABAHADUR RAI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of tea garden workers both casual and regular, engaged by Public Sector Undertakings during 1981 and 1991;

(b) what are the benefits or welfare programmes for them; and

(c) how many tea gardens are run by Public Undertakings under Central Sector, their names and state-wise locations

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जाना

3974. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पटसन और कपड़ा उद्योगों द्वारा श्रम कानूनों का खुले आम उल्लंघन किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो विगत दो वर्ष के दौरान राज्यवार कितने श्रम कानूनों का उल्लंघन किया गया है और कितने प्रतिशत श्रम-दिवसों की हानि हुई है;

(ग) सरकार द्वारा उन पटसन और कपड़ा उद्योगपतियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है जिन्होंने श्रम कानूनों का उल्लंघन किया है; और

(घ) उनको क्या सजा दी गई है और उनका राज्यवार ब्यौरा क्या है?

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।